नत्थूसर गेट स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 20 बैड वार्ड का शिलान्यास

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने मंगलवार को नत्थूसर गेट स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 20 बैड वार्ड का शिलान्यास किया। इस कार्य को 35 लाख रूपए राशि की लागत से करवाया जायेगा।

इस अवसर शिक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी समाज के सामाजिक ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की मजबूती पहली आवश्यकता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की संवेदनशील पहल पर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना चलाई जा रही है। अब इसके तहत प्रत्येक परिवार को 25 लाख रूपए तक तक का स्वास्थ्य बीमा तथा 10 लाख रूपए तक का दुर्घटना बीमा उपलब्ध करवाया गया है। यह योजना पूरे देश में नजीर बनी है।

शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने नत्थूसर गेट स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 20 बैड वार्ड का शिलान्यास किया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं की बेहतरी के लिए अनेक कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि गंगाशहर और मुक्ता प्रसाद कॉलोनी में 6-6 करोड़ रूपए की लागत से शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाए जा रहे हैं। पीबीएम, जिला अस्पताल और गंगाशहर के सैटेलाइट अस्पताल की सुविधाओं में इजाफा किया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्र की सभी समस्याओं के समाधान के लिए वे संकल्पबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा के तहत रोजगार गारंटी तथा इंदिरा गांधी शहरी योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई है।

इस अवसर पर जुगल किशोर ओझा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अबरार पंवार, चिकित्सा विभाग के उपनिदेशक डॉ. राहुल हर्ष, चिकित्सालय प्रभारी डॉ अब्दुल रसीद, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अधिशाषी अभियंता जे. पी. अरोड़ा, सीओ सिटी हिमांशु शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुनील बोडा, डॉ विजय शंकर बोहरा, जिला आईईसी समन्वयक मालकोश आचार्य, सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र छंगाणी, पूनमचंद व्यास, गुरु वशिष्ठ अवॉर्डी ललित कुमार छंगाणी, किशन कुमार, डीपीसी ईशान पुष्करणा, मालकोश आचार्य, आनंद व्यास, गोपाल ओझा, मिहिर भादाणी, विकास मोहता एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त स्टॉफ उपस्थित था।

नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट मिला : राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत पहली बार प्रदेश के तीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट के लिए चुना गया है। दुगनी खुशी की बात यह है कि यह तीनों ही स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र ग्रांधी उत्तमदेसर व डूडीवाली बीकानेर जिले के हैं। जिन्होंने एक साथ एनक्वास सर्टिफिकेट हासिल किए है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना, अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह, निदेशक एनएचएम जितेन्द्र कुमार सोनी और जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य प्रबंधन व सेवाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाले इन चिकित्सा संस्थानों के सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मोहम्मद अबरार पवार ने

- **कल्ला ने कहा कि गंगाशहर और मुक्ता प्रसाद कॉलोनी में 6-6 करोड़ रूपए की लागत से शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाए जा रहे हैं**

बताया कि बीकानेर जिले के उत्तमदेसर ग्रांधीए डूडीवाली हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर, राजसमंद जिले की पीएचसी ताल, बूंदी जिले की पीएचसी बांसी और जालौर जिले की अरबन पीएचसी लाल पोल स्वास्थ्य केन्द्रों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। इसके लिए अस्पतालों को 3 साल तक 3.3 लाख रूपए इंसेंटिव प्राप्त होगा। जिसका उपयोग अस्पताल के उन्नयन में किया जा सकेगा।

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेन्द्र तनेजा ने बताया कि राष्ट्रीय मूल्यांकन टीम द्वारा मूल्यांकन में ग्रांधी ने 95 प्रतिशत अंक, उत्तमदेसर ने 89 प्रतिशत अंक व डूडीवाली ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यह कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए ब्लॉक सीएमओ कोलायत डॉ सुनील जैन व ब्लॉक सीएमओ लूणकरनसर डॉ विभय तंवर एचडब्लयूसी ग्रांधी प्रभारी मदन पालीवाल, उत्तमदेसर प्रभारी राजेश कुमारी को बधाई दी।

लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

अनूपगढ़,(कासं)। ओवरब्रिज पर चने बेचने वाले से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार किए।

एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि दोनों टीमों के समन्वय से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले ओमजीत कुमार उर्फ टल्ली पुत्र जोरावर निवासी वार्ड नंबर 16 पुराना घडसाना और राजकुमार उर्फ राजू भानपुरिया पुत्र आसाराम निवासी तीन एसटीआर घड़साना को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपियों से पुलिस के द्वारा गहनता से पूछताछ की जा रही है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की भी पहचान कर ली गई है। उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

एसएचओ ने बताया कि 10 सितम्बर को रामकुमार पुत्र छिकाराम निवासी 2 एसएसएम तहसील छतरगढ़ ने मामला दर्ज करवाया था कि वह मोटरसाइकिल पर चने और फल बेचने का काम करता है। 10 सितम्बर को शाम जब वह अनूपगढ़ के शहीद उधम सिंह चौक पर बने ओवरब्रिज पर पहुंचा तो उस समय मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति सवार होकर आये और उसके साथ मारपीट की मारपीट करने के बाद दोनों व्यक्ति उसका मोबाइल 20 हजार रूपए, जरूरी कागजात और एक चांदी का कड़ा छीनकर मौके से फरार हो गए थे।

एसएचओ जांगिड़ ने बताया कि पुलिस के मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन कर घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र और अनूपगढ़ से घड़साना के बीच में सीसीटीवी फुटेज चैक किए गए और आसपास के क्षेत्र में जांच पड़ताल की गई। संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित करने के बाद उनकी गतिविधियों पर लगातार पुलिस के द्वारा निगरानी रखी गई।

सार-समाचार

साइबर क्राइम पर लानकारी दी

डूंगर कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर आयोजित कार्यशाला को आई.जी. ओमप्रकाश ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय में मंगलवार को साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन डूंगर कॉलेज तथा नाइलिट के बीकानेर केन्द्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ-साथ आमजन ने भी भाग लिया। एन सी सी, एन एस एस, रोवर्स, रेंजर्स से जुड़े कैडेट्स एवं स्वयंसेवकों ने उपस्थिति दी। कार्यशाला में मुख्य अतिथि बीकानेर रेंज के आईजी ओम प्रकाश , अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर इंद्र सिंह राजपुरोहित द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में नाइलिट बीकानेर केन्द्र के संयुक्त निदेशक कपिल नयाल ने साइबर अपराधियों से बचने एवं साइबर क्राइम फ्रॉड हो जाने पर आगे की कार्यवाही के संबंध जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में आई.जी बीकानेर रेंज ने साइबर क्राइम के बारे में अनुभव साझा किए। जामताड़ा और मेवात के उदाहरणों से उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचने के गुर सिखाए। कार्यक्रम में उपाचार्य प्रोफेसर पुष्पेन्द्र सिंह, नाइलिट प्रभारी प्रोफेसर प्रताप सिंह, श्यामसुंदर, प्रोफेसर विक्रमजीत सिंह, प्रो.सर नरेन्द्र नाथ इत्यादि उपस्थित थे।

मोदी की सभा के लिए तैयारी बैठक

कोलायत, (कासं)। जयपुर में आगामी 25 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर कोलायत में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। भाजपा के कोलायत विधानसभा प्रभारी जुगल किशोर व्यास की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकाधिक संख्या में जयपुर जाने के लिए रूपरेखा बनाई गई। व्यास ने कहा कि हर मंडल से कार्यकर्ता जयपुर जायेंगे। भाजपा के परिवर्तन यात्रा का समापन भी इसी दिन होगा। इस अवसर पर भाजपा नेता श्यामसुंदर पंचारिया, भूपसिंह भाटी, श्याम सिंह हाड़ला, हदां मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह भाटी, सवाई सिंह राजपुरोहित, धर्मवीर गिरी, विस्तारक सुरेश आदि मौजूद थे। नापासर संवाददाता के अनुसार कस्बे में देशनोक रोड पर भाजपा कार्यालय में नापासर भाजपा मंडल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवंत दैया ने कहा कि 25 सितम्बर को जयपुर में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा मे पार्टी कार्यकर्ताओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में देहात जिला मंत्री रामनिवास कस्वां, खुशबू रतावा, मंडल महामंत्री डूंगरदान बीठू, महामंत्री गणेश नैण, किसान मोर्चा अध्यक्ष शिव सिंह राजपूत, एससी मोर्चा अध्यक्ष रामचंद गोयल, पूर्व देहात कार्यकारिणी सदस्य भंवर ढाका, पूर्व महामंत्री गोपी सोनी आदि मौजूद थे।

सी.सी.सड़क का शिलान्यास

गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने राम बारात घर के सामने सी. सी. सड़क का शिलान्यास किया।

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने वार्ड नम्बर 12 में 30 लाख रूपये की लागत से राम बारात घर के सामने वाली सीसी सड़क का शिलान्यास व 42 लाख रुपये की लागत से मोती पैलस से मल्टी पर्पज स्कूल तक एवं संपत बस्ती में विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण का शुभारंभ किया। सड़कों का शुभारंभ करने पर क्षेत्रवासियों ने गौड़ का नागरिक अभिनंदन व सम्मान किया। गौड़ ने कहा कि आज वार्ड नम्बर 12 में 30 लाख रुपये की लागत से राम बारात घर के सामने वाली सीसी सड़क का शिलान्यास व 42 लाख रूपये की लागत से मोती पैलस से मल्टी पर्पज स्कूल तक एवं संपत बस्ती में विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि 72 लाख रुपये की लागत से सड़कें बनने से क्षेत्रवासियों को सुविधा होगी। उक्त सड़क बनने से हजारों लोगों को सुविधा मिलेगी। सड़क निमाण कार्य का शिलान्यास और लोकार्पण करने पर आमजन द्वारा विधायक गौड़ का फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पार्षद दलीप लावा, जेपी श्रीवास्तव, प्रेम नायक, मंगत गेरा, अशोक नागपाल, भंवर मेघवंशी आदि मौजूद थे।

छात्रवृति के लिए आवेदन शुरू

बीकानेर, (कासं)। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में राजस्थान के मूल निवासियों के लिए अनुसूचित जाति, अनु.जनजाति विशेष समूह योजना पूर्व में विशेष पिछड़ा वर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं में राज्य की राजकीय एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि उत्तर मैट्रिक छात्रवृति के लिए विद्याथियों के द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 15 नवम्बर है।

के.एम.एस. कार्ड की खराबी, वाहन मालिकों की बनी परेशानी

बीकानेर,(कासं)। वाहन स्वामियों एवम लाइसेंस धारकों के लिए आरसी एवं ड्राइविंग लाइसेंस युक्त स्मार्ट कार्ड के.एम.एस नहीं होने से वाहन स्वामियों और ड्राइविंग लाइसेंस धारकों के लिए तैयार शुदा स्मार्ट कार्ड लेना टेढी खीर बन गया हैं।

आरटीओ कार्यालय में यह समस्या पिछले एक माह से चल रही हैं। हजारों स्मार्ड कार्ड रूपी आरसी और सैंकड़ों ड्राइविंग लाइसेंस केएमएस(की मैनेजमेंट सर्विस एस से जुड़ाव) कार्ड में आ रही तकनीकी खराबी होने से वाहन संबंधी सभी काम अटके पड़े हैं। जानकारी के अनुसार दस्तावेज के.एम.एस करने का काम राज काज पोर्टल से जुड़ा हुआ हैं। जो चलते चलते तकनीकी फाल्ट आ जाने से रूक जाता हैं और दस्तावेज रूपी स्मार्ट कार्ड केएमएस नहीं होने से वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस का डाटा विवरण

- **स्मार्ट कार्ड के.एम.एस. नहीं होने से वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस का डाटा विवरण ऑनलाइन नहीं दिखने पर चालान काटे जा रहे हैं**

ऑनलाइन नहीं दिखता। जिससे एक तरफ तो सड़क एवं मुख्य मार्गों पर यातायात पुलिस व आरटीओ अधिकारी द्वारा वाहन के कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस ऑनलाइन नहीं होने पर चालान पर चालान काटे जा रहे हैं। दूसरी तरफ वाहन चालकों तथा ड्राइविंग लाइसेंस धारकों को स्मार्ट कार्ड नहीं मिलने से आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक नुकसान उठाना पड़ रहा हैं। केएमएस कार्ड की खामी के चलते आरसी रिन्युअल, नया रजिस्ट्रेशन, डुप्लीकेट आर.सी, लोन कैंसिल, स्वामित्व हस्तांतरण जैसे महत्वपूर्ण काम रूके हुए हैं।

बीकानेर सिटीजन एसोशिएसन के एडवोकेट हनुमान शर्मा ने प्रमुख शासन सचिव को इस समस्या से अवगत करवाया जिस पर संज्ञान लेते हुए परिवहन शासन सचिव ने बीकानेर के अधिकारियों को इस समस्या का जल्द समाधान कर प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। एडवोकेट शर्मा ने यह आग्रह भी किया कि विभाग के पास केवल एक मात्र केएमएस कार्ड हैं जो बार- बार मियाद खत्म होने से सभी वाहन संबंधी और ड्राइविंग लाइसेंस के काम रूक जाते है। जबकि एक कार्ड होने से समय पर डाटा सेव हो उससे पहले केएमएस कार्ड खराब हो जाता है।

डंपर व कार की भिड़ंत में 8 लोग घायल

नोखा, (कासं)। काकड़ा गांव के पास देर रात सड़क हादसा हो गया। डंपर व कार एर्टिगा कार में भीषण टक्कर हो गई। घटना में गाड़ी में सवार 8 लोग घायल हो गए।

घायलों को नोखा की जिला अस्पताल लाया गया। इस दौरान हादसे में 4 घायलों को बीकानेर पीबीएम अस्पताल रैफर किया व अन्य घायल युवकों का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलने पर नोखा विधायक बिहारीलाल बिश्नोई भी नोखा की जिला अस्पताल पहुंचे।

बीदासर के मौलासर गांव निवासी एर्टिगा में सवार 8 व्यक्ति पैदल यात्रियों के संघ में भोजन सेवा करके अपने गांव लौट रहे थे। नोखा उपखण्ड के काकड़ा गांव के पास सड़क हादसा हो गया। हादसे में मोलासर निवासी रामधन गोदारा, कालूराम जाट, रामसिंह राजपूत, झंवरीलाल जाट के गंभीर चोट के कारण बीकानेर रैफर किया गया।

चोरी का सामान खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। लालगढ़ रेलवे स्टेशन के पास बन रही एक बिल्डिंग से लोहे का सामान चोरी करने के मामले में कबाड़ी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले पुलिस ने एक युवक को भी पकड़ा था। सामान खरीदने वाले कबाड़ी को आज अदालत में पेश किया जायेगा।

मुक्ता प्रसाद नगर थाना एरिया में हुई चोरी के मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान हुई पूछताछ में पता चला कि उसने चोरी का सामान असरफ को बेच दिया था। असरफ सिटी लाइट स्टूडियो जोशीवाड़ा के पास रहता है। पुलिस ने असरफ से पूछताछ की तो चोरी का सामान खरीदना बताया गया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

उससे लोहे की प्लेट्स बरामद की गई है। हालांकि निर्माणाधीन बिल्डिंग से लोहे की प्लेट्स के अलावा तिपाही, लोहे के पाइप, सरिया, बिजली

- **निर्माणाधीन बिल्डिंग से सामान चोरी कर बेच देते थे, पुलिस ने 2 को पकड़ा**

का मीटर, लोहे की जाली, नट-बोल्ट, बिजली के कॉपर वायर भी चोरी हुए थे। पुलिस इनकी बरामदगी करने में लगी है। ये पता लगाया जा रहा है कि अकेले असरफ ने ही सारा सामान खरीदा था या फिर कुछ और कबाड़ी भी चोरी का सामान खरीद रहे हैं।

दरअसल बीकानेर में कई कबाड़ी चोरी का सामान सस्ते दामों पर खरीदते हैं और बाद में इन्हें बेच देते हैं। ये चोरी का सामान जब लोगों के घरों में लग जाता है तो इसका पता ही नहीं चलता। पहले भी कई कबाड़ियों को चोरी का सामान खरीदने के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।

मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा की स्थापना

बीकानेर, (कासं)। गणेश चतुर्थी पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश आचार्य के निवास स्थान पर लाल शाडू मिट्टी से निर्मित मुंबई की पूर्णतया इको फ्रेंडली ट्री गणेश प्रतिमा की धूमधाम से स्थापना के साथ ही गणेशोत्सव का शुभारंभ हुआ।

वरिष्ठ भाजपा नेता आचार्य ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझते हुए गत वर्षों की तरह इस बार भी मुंबई से मंगवाई गई लाल मिट्टी से निर्मित पूर्णत: इको फ्रेंडली ट्री गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है। भाजपा पूर्व जिला मंत्री और मीडिया प्रभारी मनीष आचार्य ने बताया कि अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर निवास स्थान पर प्रतिमा के साथ ही उपलब्ध करवाए

- **मुंबई से मंगवाई गई लाल मिट्टी से निर्मित इको फ्रेंडली ट्री गणेश प्रतिमा की स्थापना**

गए खाद और बीज युक्त पात्र में गणेश विसर्जन किया जायेगा। जिसके बाद पात्र में स्वत: पौधारोपण हो जायेगा। मंगलवार को ट्री गणेश प्रतिमा स्थापना के दौरान वरिष्ठ शिक्षक नेता रवि आचार्य, जयंत गवरा, मनीष वीणा, अदिति, दृष्टि, सोमांशु, आदित्य, ऋषभ, पूनम खटोड़, गंगाराम सोलंकी, मोर सिंह, कालू पंवार, लीलाधर पंवार, शायर सिंह, मुखिया डैना, सोमदत्त आचार्य, लोकेश शर्मा मौजूद थे।

शराब की 7 दुकानों की नीलामी आज

श्रीगंगानगर, (कासं)। अनूपगढ़ जिले में अब तक एक बार भी नीलाम नहीं हुई चार शराब दुकानों के साथ आवंटित होकर छोड़ दी गई तीन दुकानों की नीलामी 20 सितम्बर को होगी।

इस बार विभाग 14 वीं बार इस वित्तीय वर्ष में इन दुकानों की ऑनलाइन नीलामी करवाने जा रहा है। विभाग की ओर से 7 अगस्त को 13वीं बार करवाई गई नीलामी में इनके लिए किसी ने बोली नहीं लगाई। हालांकि अभी तक 20 सितम्बर को नीलाम की जाने वाली दुकानों के नाम और स्थान को विभाग की वेबसाइट पर अपडेट नहीं किया गया है। तीन दुकानें श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय की तथा एक दुकान अनूपगढ़ जिले की है।

शादी से मना किया तो अयोध्या से युवती प्रेमी के घर पहुंची

रायसिंहनगर, (कासं)। रावला के गांव 13 डीओएल के बाद फेसबुक पर दोस्ती का एक रोचक किस्सा रायसिंहनगर में भी सामने आया है। फर्क इतना है कि 13 डीओएल में आने वाली युवती बांग्लादेश की थी मगर क्षेत्र के गांव 37 पीएस पहुंची युवती अयोध्या की है।

क्षेत्र के गांव 37 पीएस निवासी गेंदा सिंह पुत्र छजूराम कापडिया की करीब 4 साल पहले अयोध्या की 23 वर्षीय कोमल से फेसबुक पर दोस्ती हुई। दोस्ती के बाद कोमल ने शादी के लिए दबाव बनाया। शादी सिरे नहीं चढ़ती देख कोमल रविवार को अयोध्या से गेंदा सिंह के घर 37 पीएस आ धमकी। अचानक अपनी बहन के

- **देर शाम को दोनों पक्षों में स्टाम्प पेपर पर शर्तें लिखकर शादी करने पर सहमति बन गई**

साथ पहुंची कोमल ने शादी को लेकर जब गांव में हंगामा किया तो पूरा माजरा सामने आ गया।

इस संबंध में युवती ने युवक के विरुद्ध पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गेंदा सिंह को धारा 151 में बीती रात गिरफ्तार कर लिया। बाद में युवती ने उस पर शादी के लिए दबाव बनाया। कोर्ट परिसर में शादी पंजीयन करवाने को लेकर हंगामा किया। इस संबंध में कोमल अपने प्रेमी गेंदा सिंह के साथ एसडीएम एवं मजिस्ट्रेट के समक्ष भी गई, लेकिन शादी को लेकर अधिकारियों ने नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कहते हुए उन्हें वापस लौटा दिया।

युवक के चाचा मीतपाल ने बताया कि देर शाम को दोनों पक्षों में स्टाम्प पेपर पर शर्तें लिखकर शादी करने पर सहमति बन गई। लोगों के अनुसार बाद में गेंदा सिंह कोमल को अपने साथ ले गया। इस दौरान गेंदा सिंह का परिवार व ग्रामीण भी मौजूद थे। इससे पहले कचहरी में दोनों बहनों के आने और पूरे मामले को लेकर तमाशबीनों की भीड़ लगी रही। रायसिंहनगर न्यायलय के बाहर युवतियों ने हंगामा किया।

हिमेटोलॉजी एनालाइजर मशीन से एक घंटे में 100 सी.बी.सी. जांचें हो सकेगी : सोनी

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने मंगलवार को केन्द्रीय प्रयोगशाला में हिमेटोलॉजी एनालाइजर तथा आचार्य तुलसी कैंसर अस्पताल में बायोकैमेस्ट्री एनालाइजर जांच मशीनों का उद्घाटन किया।

डॉ. सोनी ने बताया कि हिमेटोलॉजी एनालाइजर मशीन दानदाता दिनेश कपूर ने अपने पिताजी की स्मृति में भेंट की है, यह मशीन नो पैरामीअर वाली फुली ऑटोमेटिक है। इसमें एक घंटे में 100 सीबीसी जांचें की जा सकेगी। यह मशीन फ्लोसाइट्रोमीट्री तकनीक के आधार पर कार्य करती है। इसके अंदर ऑटोलोडर की सुविधा उपलब्ध है तथा इससे बॉडीफ्लड की जांच भी की सकेगी। इस मशीन की कीमत लगभग 23 लाख रूपये है। दानदाता प्रतिनिधि विवेक सोबती द्वारा इस मशीन की तीन वर्ष तक

सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने हिमेटोलॉजी तथा बॉयोकैमेस्ट्री एनालाइजर मशीन का उद्घाटन किया।

नि:शुल्क मेंटीनेंस किया जायेगा। ऑटोमेटिक बायोकैमेस्ट्री एनालाइजर मशीन की जानकारी प्रदान करते हुए प्रचार्य डॉ. सोनी ने बताया कि इस मशीन को कॉलेज प्रशासन द्वारा आचार्य तुलसी कैंसर अस्पताल में कैंसर मरीजों की जांच के लिए लगभग 25 लाख रूपये के लागत पर खरीदा गया है। यह मशीन पूरी तरह भारत में निर्मित है। इस

- **हिमेटोलॉजी एनालाइजर मशीन दानदाता दिनेश कपूर ने अपने पिताजी की स्मृति में भेंट की**

मशीन से एक घंटे में 600 से अधिक सैम्पल की जांच की सकेगी। इस मशीन में बायोकैमेस्ट्री से जुड़ी सभी तरह की जांचों सहित कार्डियोप्रोफाइल इलेक्ट्रोराइट की जांचें भी की जा सकती है। इस दौरान अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. नवरंग लाल महावर, पीबीएम अधीक्षक डॉ. पी.के. सैनी, आचार्य तुलसी कैंसर अस्पताल के निदेशक डॉ. एच.एस. कुमार, पैथेलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. एस. पी. व्यास, रेडियोथरेपी विभागाध्यक्ष डॉ. नीति शर्मा आदि मौजूद थे।

नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जनता को समर्पित

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर (पूर्व) विधानसभा की इंद्रा कॉलोनी में विधायक सिद्धि कुमारी की अनुशंषा पर राज्य सरकार की ओर से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र का गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश पूजन के बाद जनता को समर्पित किया गया।

विधायक सिद्धि कुमारी ने बताया कि पार्षद कमल कंवर मेडतिया व क्षेत्र वासियों द्वारा लम्बे समय से इस क्षेत्र में स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की मांग की जा रही थी। जिसमें राज्य सरकार को अनुंशषा कर इसका निर्माण करवाया गया। आज गणेश चतुर्थी के पावन दिन पर विधिवत पूजन कर इस स्वास्थ्य केन्द्र को जनता को समर्पित किया गया है। इस स्वास्थ्य केन्द्र से इंद्रा कॉलोनी के साथ सुभाषपुरा, अमरसिंह पुरा, पुलिस लाइन, गिन्नानी, कोरियों का मोहल्ला, रावतों का मोहल्ला, भुट्टा का बास व आस पास के निवासियों को इस का लाभ मिलेगा। पार्षद कमल कंवर मेडतिया ने कहा कि

विधायक सिद्धि कुमारी ने इंदिरा कॉलोनी में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का पूजन के बाद लोकार्पण किया।

विधायक सिद्धि कुमारी को वार्ड में विकास कार्यों के लिए ज़ब भी कहा गया तो विधायक सिद्धिकुमारी क्षेत्र में सड़कों, नालियों, पार्कों, स्कूल व सौन्दर्यकरण के विकास कार्यों को करवाया ओर आगामी दिनों में भी विकास कार्य करवाने के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग अधिशाषी अभियंता जे. पी. अरोड़ा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक नेहा शेखावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ भगवानसिंह मैडतिया, भगवान सिंह जी तहसीलदार, हसन खा जी कोहरी, नारायण सिंह जी मालेर सहित सैकड़ों गणमान्य उपस्थित थे।